

NYC HEALTH+ HOSPITALS

# सभी के लिए टीकाकरण

- **फ़्लू टीके**
- **Pfizer और J&J COVID-19 टीके**
  - वयस्क खुराक
  - 5 साल और उससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए खुराक
  - तीसरी खुराक
  - बूस्टर

## यहाँ उन सभी के लिए उपलब्ध है जो पात्र हैं

COVID-19 और फ्लू का मौसम एक साथ आने के कारण, खुद को और अपने प्रियजनों को बीमार होने से बचाना अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

COVID-19 और फ्लू के टीके सुरक्षित हैं और बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और यहाँ तक कि मृत्यु के जोखिम को कम करने के लिए अत्यधिक प्रभावी हैं।

आप COVID-19 वैक्सीन और फ्लू का शॉट एक ही समय में प्राप्त कर सकते हैं, जिसके लिए आपको अपनी जेब से कोई पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा।

आपके लिए कौन-सा टीका सही है इस बारे में अधिक जानें। QR कोड स्कैन करें या **1-844-NYC-4NYC** (1-844-692-4692) पर कॉल करें।

COVID-19 टीकों के बारे में अधिक जानें

फ्लू के टीके के बारे में अधिक जानें

# फ्लू और COVID-19 के लिए किसे टीकाकरण करवाना चाहिए?

NYC HEALTH+ HOSPITALS

### इन्फ्लुएंजा (फ्लू) टीका

छः महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को प्रतिवर्ष मौसमी इन्फ्लूएंजा (फ्लू) का टीका लगवाना चाहिए, विशेष रूप से:

- 2 साल से कम उम्र के बच्चों को
- 65 साल से अधिक उम्र के लोगों को
- गर्भवती या हाल ही में प्रसव हुई महिलाओं को
- मधुमेह, अस्थमा, हृदय रोग या HIV जैसी चिकित्सीय स्थितियों वाले लोगों को
- आवश्यक कर्मचारियों को, जिनमें स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी और उन लोगों की देखभाल करने वाले लोग शामिल हैं जिन्हें बीमार होने का अधिक जोखिम होता है। जो लोग बच्चों की, विशेषकर छः महीने से कम उम्र के बच्चों की देखभाल करते हैं, उन्हें भी फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।

## COVID-19 टीका

अधिकांश व्यक्ति अब COVID-19 वैक्सीन प्राप्त करने के लिए पात्र हैं:

- 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चे Pfizer-BioNTech की बच्चों की दो खुराक (एक तिहाई क्षमता) प्राप्त कर सकते हैं
- 12 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों को Pfizer-BioNTech टीके की दो खुराकें मिल सकती हैं
- 18 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों को Moderna की दो खुराकें या Johnson & Johnson/Janssen की एक खुराक मिल सकती है

## Pfizer या Moderna COVID-19 वैक्सीन की तीसरी खुराक

तीसरी खुराक उन लोगों के लिए उपलब्ध है, जिन्हें कम से कम 28 दिन पहले COVID-19 वैक्सीन की दूसरी खुराक मिली है, और जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली किसी हालत या उपचार के कारण कमजोर हो चुकी है। इनमें निम्न शामिल हो सकते हैं:

- कैंसर के लिए सक्रिय उपचार
- अंग प्रत्यारोपण और प्रतिरक्षा प्रणाली की ताकत को कम करने वाली दवा
- पिछले 2 वर्षों के भीतर स्टेम सेल प्रत्यारोपण
- मध्यम या गंभीर प्राथमिक प्रतिरक्षण अपर्याप्तता
- उन्नत या अनुपचारित HIV
- कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स या अन्य दवाओं की उच्च खुराक के साथ सक्रिय उपचार जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मामूली या गंभीर रूप से कमजोर करते हैं

Pfizer की तीसरी खुराक प्राप्त करने के लिए आपकी आयु 12 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए और Moderna की तीसरी खुराक प्राप्त करने के लिए 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। अन्य चिकित्सीय स्थितियों जैसे मधुमेह, हृदय या फेफड़ों की बीमारी वाले अधिकांश लोगों के लिए तीसरी खुराक की सिफारिश नहीं की जाती।

## COVID-19 बूस्टर खुराक - Pfizer और Moderna वैक्सीन प्राप्तकर्ता

बूस्टर शॉट्स निम्न पात्र लोगों के लिए उपलब्ध हैं, यदि उन्हें कम से कम छह महीने पहले Pfizer या Moderna वैक्सीन की दो खुराकें प्राप्त हुई हों:

- 65 या उससे अधिक उम्र के लोग
- ऐसे लोग जिनकी आयु 18 से 64 वर्ष है जो या तो पहले ही किसी बीमारी से ग्रस्त हैं या जिन्हें अपनी नौकरी के कारण (उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य देखभाल कर्मी) या जहाँ वे रहते हैं या अक्सर यात्रा करते हैं (उदाहरण के लिए, एक बेघर लोगों के लिए आश्रय) के कारण COVID-19 के संक्रमण का अधिक जोखिम होता है
- नर्सिंग होम या अन्य दीर्घकालिक देखभाल सुविधा में रहने वाले लोग

जिन लोगों को Pfizer या Moderna वैक्सीन के दो शॉट्स मिले हों, उन्हें उसी वैक्सीन का बूस्टर लगवाने का प्रयास करना चाहिए, लेकिन उनके पास अमेरिका में अधिकृत तीन प्रकार के टीकों में से कोई भी टीका लगवाने का विकल्प है

## COVID-19 बूस्टर खुराक - Johnson & Johnson वैक्सीन प्राप्तकर्ता

कम से कम दो महीने पहले सिंगल-डोज़ Johnson & Johnson वैक्सीन प्राप्त करने वाले किसी भी 18 या उससे अधिक उम्र के व्यक्ति को अब अमेरिका में अधिकृत तीन प्रकार के टीकों में से किसी एक का बूस्टर शॉट मिल सकता है, यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि आपको किस प्रकार का टीका मिलना चाहिए, तो किसी वैक्सीन स्थल पर अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता या क्लिनिकल कर्मचारियों से बात करें।

NYC Health + Hospitals सिस्टम के अस्पतालों में Pfizer और J&J के टीके उपलब्ध हैं। NYC Health + Hospitals/Gotham Health साइट्स पर Moderna का टीका उपलब्ध है। स्थानों की पूरी सूची के लिए, हमारी वेबसाइट: **nychealthandhospitals.org** पर जाएँ।

Published: 10/29/2021
Hindi